आड़ू की वैज्ञानिक खेती

नीलेश शर्मा [1] एवं सृष्टि बिलैया [2],
शोध विद्यार्थी आर.वी.एस.के.वी.वी., ग्वालियर [1],
एस.आर.एफ.–भाकृअनुप–अटारी, जबलपुर [2]

फसल का परिचय

आड़ू जिसका वानस्पतिक नाम प्रूनस पर्सिका तथा कूल रोजेसी का एक फलदार वृक्ष है। आड़ू विशेषतः उत्तरी और दक्षिणी दोनों गोलार्द्धों के गर्म समशीतोष्ण क्षेत्रों में उगाया जाता है। ताजा आड़ू व्यापक रूप से खाया जाता है और पीले आड़ू विशेष रूप से विटामिन–ए से भरपूर होते हैं।

जलवायु

आड़ू को उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है। इसके लिए ठंडे मौसम और शुष्क गर्मी के साथ आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है।

मिट्टी

आड़ू कि खेती विभिन्न प्रकार की मिट्टी में की जाती है लेकिन कार्बनिक पदार्थों से भरपूर गहरी रेतीली दोमट मिट्टी इसकी खेती के लिए सबसे अच्छी होती है। यह जल भराव के लिए अतिसंवेदनशील है फसल है इसलिए खेत में सही जल निकासी का प्रबंधन होना चाहिए ।

उन्नत प्रजाति

टीए–170 (प्रताप), फ्लोरडासन, शान–ए–पंजाब और शर्बती आड़ू कि खेती के लिए उपयुक्त हैं।

प्रवर्धन

आड़ू को बीज और वानस्पतिक विधियों द्वारा प्रसारित किया जाता है किंतु व्यावसायिक रूप से इसका प्रवर्धन वानस्पतिक विधिया अर्थात ग्राफ्टिंग विधि द्वारा किया जाता है।

अनुशंसित दूरी एवं उचित पौध संख्या

आड़ू के बगीचे के लिए 4.5 • 4.5 मीटर कि दूरी पर गड्ढे खोदे जाते हैं। गड्ढे का आकार 0.75 X 0.75 X 0.75 मीटर रखा जाता है और उनमे 15–20 किलोग्राम गोबर कि खाद, 100 ग्राम यूरिया, 100 ग्राम पोटाश, 300 ग्राम एसएसपी और 50 ग्राम क्लोरोपायरीफॉस के साथ 30 सेमी कि परत तक गड्ढों को मिट्टी से भर देते है। गड्ढों को जमीनी स्तर से लगभग 10 सेमी ऊपर भरा जाता है। इस प्रकार हम एक हेक्टेयर में ४६० से लेकर ४६५ आड़ू के पौधे लगा सकते है।

अनुशंसित समय पर पौध रोपण

आड़ू के रोपण का सबसे अच्छा समय जून से अगस्त का महीना होता है। यदि रोपाई के बाद वर्षा न हो तो हल्की सिंचाई करें। सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने पर जनवरी माह में भी बुवाई की जा सकती है।

अनुशंसित खाद एवं उर्वरक

1. एक वर्ष वाले पौधो में 5 किलोग्राम गोबर की खाद , 200 ग्राम नत्रजन , 250 ग्राम सुपर फॉस्फोरस तथा 150 ग्राम पोटाश डालते है।
2. दो वर्ष वाले पौधो में 10 किलोग्राम गोबर की खाद , 400 ग्राम नत्रजन , 500 ग्राम सुपर फॉस्फोरस तथा 250 ग्राम पोटाश डालते है।
3. तीन वर्ष वाले पौधो में 20 किलोग्राम गोबर की खाद , 600 ग्राम नत्रजन , 750 ग्राम सुपर फॉस्फोरस तथा 300 ग्राम पोटाश डालते है।
4. चार वर्ष वाले पौधो में 20 किलोग्राम गोबर की खाद , 1000 ग्राम नत्रजन , 1000 ग्राम सुपर फॉस्फोरस तथा 400 ग्राम पोटाश डालते है।
5. पाँच वर्ष और उससे अधिक वाले पौधो में 25 किलोग्राम गोबर की खाद , 1200 ग्राम नत्रजन , 1250 ग्राम सुपर फॉस्फोरस तथा 500 ग्राम पोटाश डालते है।

कटाई और छंटाई

खुली केन्द्रीय प्रणाली या फूलदान आकार प्रणाली आड़ू के लिए अनुशंसित प्रशिक्षण प्रणाली है। नर्सरी के पेड़ों में आमतौर पर कोई पार्श्व शाखा नहीं होती है और इसे जमीनी स्तर से 18 से 24 इंच ऊपर काटा जा सकता है। इस कट के नीचे पाड़ शाखाएं विकसित होंगी। इन पाड़ शाखाओं को कम विकसित करने की आवश्यकता है ताकि छंटाई और फलों की कटाई आसानी से कि जा सके, या खरपतवार प्रबंधन, उर्वरक और सिंचाई प्रबंधन भी आसानी से कि जा सके द्य आधा इंच से अधिक व्यास वाले नर्सरी के पेड़ पहले से ही पार्श्व शाखाएं विकसित कर चुके हैं। प्रूनिंग कैंची का उपयोग करते हुए, इनमें से अधिकांश शाखाओं को हटा दें, तीन से पांच शाखाओं को छोड़ दें जो समान रूप से उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम दिशा में फैली हुई हैं। पहले वसंत और गर्मियों के दौरान, पेड़ों को जितना संभव हो उतना वनस्पति विकास करने के लिए प्रबंधित किया जाना चाहिए। सर्दियों के महीनों के लिए प्रमुख छंटाई छोड़ दें जब पेड़ सुप्त हों।

सिचाई प्रबंधन

सामान्य परिस्थिती में जुलाई और अगस्त के महीने में एक परिपक्व आड़ू के पेड़ को ३५ से ४० गैलन पानी कि प्रति दिन आवश्यकता होती है। आड़ू को वार्षिक 42 एकड़ इंच जल की आवश्यकता होती है।

प्रमुख कीट एवं बीमारियां नियंत्रण

सफेद मक्खी: यह आड़ू का प्रमुख कीट है। यह कलियों का रस चूसता है जिसके कारण पत्तीयों की कलियाँ कमजोर हो जाती हैं और इसके परिणामस्वरूप फल सेटिंग खराब होती है और फल समय से पहले ही झड़ जाते हैं। सफेद मख्खी कि रोकथाम के लिए फूल आने (गुलाबी कली अवस्था) से 7–10 दिन पहले ही डाइमेथोएट (रोगोर)/1.5 मिलीध्लीटर पानी या मोनोक्रोटोफॉस (नुवाक्रोन)/2.5 मिली/लीटर पानी का छिड़काव करके नियंत्रित किया जा सकता है।

चूर्णिल आसिता : यह फफूंद के कारण होता है द्य यह पत्तियों, कलियों और फूलों पर सफेद चूर्ण पदार्थ का कारण बनता है। इसके नियंत्रण के लिए सल्फेक्स 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने से इस रोग को नियंत्रित किया जाता है।

शॉट होल: यह फफूंद के कारण होता हैय जिसमें पत्तियों पर गहरे भूरे रंग के बिखरे हुए धब्बे दिखाई देते हैं। इसके नियंत्रण के लिए कैप टैन / 2 ग्राम / 1 लीटर पानी का छिड़काव करके इस रोग को नियंत्रित किया जाता है।

कटाई और उपज

आड़ू कि कटाई या तुड़ाई जब फल कि सख्त त्वचा और अच्छे रंग के हो जाते हैं, तब करनी चाहिए द्य आड़ू की अधिकतम कटाई अप्रैल के दूसरे सप्ताह से मई के पहले सप्ताह तक होती है। 3 साल पुराने पेड़ से औसतन 20–30 किलो फलध्पेड़ लिए जा सकता है।

कटाई उपरांत शस्य प्रबंधन और भंडारण

आड़ू को 31–33 डिग्री फारेनहाइट के बीच 90–95% आर्द्रता पर संग्रहित किया जाना चाहिए। इस तापमान पर आड़ू को 2 से 4 सप्ताह के लिए भंडारण किया जा सकता है। 36–46 डिग्री फारेनहाइट के बीच तापमान हो जाने पर आड़ू में एक विकार उत्पन्न हो जाता है जिसके कारण आड़ू के फ्लेश में कुरकुरापन और रस की कमी की जाती है। तापमान 50°C से ऊपर आड़ू नरम हो जाते हैं।

प्रसंस्करण और विपणन

आड़ू का सेवन ताजे फल, प्यूरी, मूस और स्मूदी के रूप में, टॉपिंग, आइसक्रीम, पेनकेक्स, या वफल, और भरने के रूप में पाई, टार्ट्स, मोची, या स्ट्रडेल के लिए द्यके रूप में किया जाता है द्य आड़ू को 4 किलो क्षमता वाली टोकरी (मानक) या 6 किलो क्षमता वाली टोकरी (यूरो ट्रे) में पैकिंग किया जाता है द्य इसके अलावा आड़ू को अन्य क्षमताओं वाली टोकरियो (2,5, 3, 5, 8 किलो वाली टोकरियाँ) में भी पैकिंग किया जा सकता है द्य पैकिंग के बाद आड़ू को देश के कई हिस्सों में भेज कर ज्यादा से ज्यादा से मुनाफा कमाया जा सकता है।

लागत

एक हेक्टेयर आड़ू का बगीचा लगाने में सामान्यतः १७५००० से लेकर २००००० रुपये का खर्च होता है, साथ ही अगर उत्पादन कि बात करे तो साधारण रखरखाव पर २३५००० और बगीचे कि अच्छी देख रेख रखने पर ५३०००० रुपये का उत्पादन हो जाता है।